Regarding need to introduce a scheme for connecting Agricultural fields with main road networks-Laid

श्री दर्शन सिंह चौधरी (होशंगाबाद) : भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि आधारित है, किंतु लंबे समय तक कृषि अवसंरचना को अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली । प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना ग्रामीण विकास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि सिद्ध हुई, जिसके अंतर्गत 7,83,620 किलोमीटर सड़कों का निर्माण कर 1,56,399 बस्तियों को जोड़ा गया और करोड़ों ग्रामीण नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ मिला । यह उपलब्धि प्रमाण है कि सड़क संपर्क ग्रामीण विकास का मूल आधार है । अब आवश्यकता है कि कृषि उत्पादन को आधुनिक आर्थिक ढांचे से जोड़ने के लिए खेतों तक सुदृढ़ पहुँच सुनिश्चित हो । भारत का लगभग हर परिवार कृषि से जुड़ा है, ऐसे में खेतों तक सड़क संपर्क केवल सुविधा नहीं, बल्कि उत्पादन, परिवहन, भंडारण और विपणन क्षमता बढ़ाने के लिए अनिवार्य है । अतः मेरा केंद्र सरकार से विनम्र आग्रह है कि देश के प्रत्येक किसान के खेत को मुख्य सड़क मार्ग से जोड़ने हेतु खेत सड़क योजना शुरू की जाए । इसका प्रारंभ कृषि-प्रधान राज्य मध्य प्रदेश, विशेषकर कृषि-केंद्रित होशंगाबाद लोकसभा से किया जाए, जिससे परिवहन लागत घटेगी, फसल समय पर बाजार पहुँचेगी, कृषि उत्पादों की गुणवत्ता सुरक्षित रहेगी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी । यह पहल करोड़ों किसानों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन लाएगी और भारत को मजबूत कृषि अवसंरचना के साथ आत्मनिर्भर बनने की दिशा में निर्णायक कदम होगा ।